तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 17.0 डिग्री

# हरिभूमि रत्न भूमि

रायपुर, बुधवार 25 फरवरी 2026


09 सेवा और समर्पण का प्रतीक है सेन समाज : रोहित साहू



10 आईटीबीपी में चयनित जानकी का हुआ स्वागत





## खबर संक्षेप



### आग के चपेट में आने से झुलसी महिला

**फिंगेश्वर।** ग्राम सोनासिल्ली की 35 वर्षीय महिला की आग के चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल होने पर उसे फिंगेश्वर के सामुदायिक अस्पताल लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर कर दिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार घर में आग लगने से महिला घिर गई जिसे उसकी बेटी उमा ध्रुव ने ग्रामीणों की मदद से उसे आग से बचाया और खुद आग से जल गई जिसका ईलाज सामुदायिक अस्पताल में चल रहा है। रिफर होने वाली महिला दुलारी बाई पति स्व. बिसेलाल आगजनी के चलते लगभग 80 प्रतिशत झुलसी हुई थी। घायल दुलारी बाई ध्रुव के दो बच्चे हैं। कुछ माह पहले उसके पति की मौत भी एक दुर्घटना में हुई थी। घर में आग कैसे लगी? दुलारी बाई आग के चपेट मे कैसे आई पुलिस जांच का विषय है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### बजट युवा छत्तीसगढ़ की झलक सुशासन का संकल्प : मनीष हरित

**फिंगेश्वर।** छत्तीसगढ़ सरकार के 2026–27 के इस में बजट युवा छत्तीसगढ़ की झलक दिखती है, जिसमें यूवाओ के साथ किसानों, महिलाओं, पिछड़ा वर्ग का



कल्याण, अनुसूचित जाति, जनजाति सहित हर वर्ग का सम्मान दिखाई पड़ता है जिसको लेकर कहा जा सकता है कि निश्चित रूप से हम सभी आधुनिकता की जीवन शैली में आगे बढ़ रहे हैं। उक्त बाते किसान मोर्चा के पूर्व जिलाध्यक्ष मनीश हरित ने कहा। उन्होंने बताया कि वित्त मंत्री ओ पी चौधरी ने छत्तीसगढ़ के सकारात्मक सोच के साथ जादू का पिटारा खोल दिया है। किसान भाइयों के लिए ब्याज मुक्त ऋण के लिए 300 करोड़,मातृ शक्ति के लिए 8200 करोड़, 5000 करोड़ से शुरू हुआ प्रदेश का बजट आज 35 गुना बढ़कर 1.72 करोड़ का आकर ले रहा है,जिससे हर तरफ शहर के साथ साथ ग्रामीण आवागमन के लिए सड़कों का जाल होगा। यह मोदी युग है, अटल जी का दिया हुआ छत्तीसगढ़ आज युवा हो चला है, जिसे गढ़ने का कार्य नरेंद्र मोदी सरकार और विष्णु जी का सुशासन पूरी तरह आधुनिकता के साथ करने को संकल्पित है। यह बजट छत्तीसगढ के विकास की नई राहें सृजन करेगा।

### नयापारा में मारपीट, आरोपियों के खिलाफ जुर्म दर्ज

**महासमुंद।** नगर के नयापारा में विवाह कार्यक्रम के दौरान मारपीट के मामले में कोतवाली पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध जुर्म दर्ज कर विवेचना में लिया है। पुलिस प्रार्थी वार्ड 11 नयापारा दलदली रोड निवासी हीरालाल मेहर ने बताया क 22 फरवरी को उसके घर में साली का विवाह कार्यक्रम था, बारातियों के विदा होने के बाद रात्रि लगभग 8-9 बजे मोहल्ले का विक्की ठाकुर, सन्नी ठाकुर, राजा ठाकुर एवं अन्य अपने साथियो के साथ आया और गाली गलौज करते हुए वहां पर बैठे मेहमानों के साथ मारपीट करने लगा। इस दौरान सन्नी ठाकुर ने प्रार्थी के साथ डंडे से मारपीट की। वहीं मारपीट से पिंटू मिरी को सिर में, सोनबती रौतिया को जांघ व अन्य जगह, रवि अजगले के सिर व शरीर के अन्य भागों में तथा गोपाल अजगले के पैर व शरीर में चोटे आई है। रवि अजगले और गोपाल अजगले ईलाज हेतु निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोपियों द्वारा घर में शादी के समय लाए हुए किराया भंडार के सामान एवं साउंड सिस्टम को भी क्षतिग्रस्त किया गया।

# फुलझर जलाशय का मुख्य वाल टूटा, 45 दिनों में बह गया 75% पानी, किसानों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

किसानों के द्वारा पिछले 05-06 वर्षों से सिंचाई जलाशय के वाल खराब होकर जंग लगने की शिकायत विभाग से किया जाता रहा साथ ही इसकी मरम्मत की मांग भी किया जाता रहा है लेकिन सिंचाई विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण फुलझर जलाशय मुख्य गेट का वाल टूट गया और पिछले डेढ माह के भीतर यहा जलाशय का 75 प्रतिशत पानी बह गया आने वाले गर्मी में पानी के लिए हाहाकार मचेगा क्षेत्र के किसानों ने इस मामले की निष्पक्ष जांच कर संबधित लापरवाही बरतने वालों पर कार्यवाही की मांग किया है। तहसील मुख्यालय मैनपुर से महज 03 किलोमीटर दूर ग्राम मैनपुरकला के आश्रित ग्राम फुलझर में जल संसाधन विभाग द्वारा सिंचाई जलाशय का निर्माण किया गया है। इस सिंचाई जलाशय का लाभ हर वर्ष क्षेत्र के किसानों को बेहतर तरीके से मिलता है, आसपास के किसानों को जहां खरीफ फसल में पर्याप्त पानी मिल जाता है। वहीं रबि फसल में भी ▶▶|शेष पेज 8 पर

## गर्मी में पानी के लिए मचेगा हाहाकार





### शिकायत के बाद अब तक मरम्मत नहीं


क्षेत्र के किसानों व ग्रामीणों ने बताया कि डेढ माह पूर्व वाल टुटने से पानी बेकार बह रहा है इसकी शिकायत सिंचाई विभाग के एसडीओं और संबइंजीनियर से करने के बावजूद अब तक निरीक्षण में नहीं पहुंचे है और तो और इसके सुधार की दिशा में कोई ठोस कार्य योजना नहीं बनाई गई है जिसके कारण किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष रामकृष्ण ध्रुव ने कहा कि सिंचाई विभाग के स्थानीय अधिकारियों को किसानों के द्वारा कई बार शिकायत किया गया लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण डेम का वाल टूट गया और गर्मी से पहले जलाशय आधा सुख गया है इसके लिए सिंचाई विभाग जिम्मेदार है, उन्होने इस संबंध में जाच कर उचित कार्यवाही की मांग किया है।

## बजट : कांस्य प्रतिमा स्थापित होने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए होगा आकर्षण का केंद्र

# राजिम को मिली आस्था की सौगात, भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा के लिए 5 करोड़ का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किए गए बजट 2026-27 में गरियाबंद जिले की झोली खुशियों से भर गई है। सरकार ने राजिम क्षेत्र की धार्मिक आस्था और जिले की कनेक्टिविटी को प्राथमिकता देते हुए कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की हैं, जिससे पूरे जिले में हर्ष का माहौल है।मंगलवार को प्रस्तुत बजट में गरियाबंद जिले को महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं। बजट में राजिम में भक्तिन माता की भव्य कांस्य प्रतिमा स्थापना के लिए 5 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र की धार्मिक और सांस्कृतिक पहचान को नई मजबूती मिलेगी। राजिम, जो पहले से ही धार्मिक आस्था का प्रमुख केंद्र है, यहां भक्तिन माता की कांस्य प्रतिमा स्थापित होने से श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए आकर्षण का नया केंद्र तैयार होगा। इससे न केवल क्षेत्र की धार्मिक गरिमा बढ़ेगी, बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा और स्थानीय व्यापारियों को लाभ होगा।







### गरियाबंद-बागबाहरा-कसडोल मार्ग को मिली स्वीकृति

इसके साथ ही गरियाबंद से बागबाहरा-कसडोल मार्ग के निर्माण/स्वीकृति को भी बजट में शामिल किया गया है। इस मार्ग के विकसित होने से आवागमन सुगम होगा, ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी तथा व्यापार और कृषि गतिविधियों को गति मिलेगी। लंबे समय से इस मार्ग की मांग की जा रही थी, जिसे अब स्वीकृति मिलने पर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल है।

### जनप्रतिनिधियों और जनता में भारी उत्साह

स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने इस बजट को क्षेत्र के विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। उनका कहना है कि इन घोषणाओं से गरियाबंद जिले में आधारभूत संरचना और धार्मिक पर्यटन को नई दिशा मिलेगी। कुल मिलाकर, इस बजट ने गरियाबंद जिले, विशेषकर राजिम क्षेत्र की जनता को विकास और आस्था की दोहरी सौगात दी है, जिससे पूरे क्षेत्र में खुशी और उत्साह का वातावरण बना हुआ है।

# गोबरा आश्रम में छात्र का हाथ टूटा अस्पताल से घायल बच्चा गायब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

आदिवासी बालक आश्रम बडेगोबरा से फिर एक खबर निकलकर सामने आ रही है जिसमें आश्रम में पढ़ाई करने वाले कक्षा 08 वीं के छात्र बाथरूम में गिरने से उसके हाथ टूट गया और सबसे ज्यादा हैरान करने वाला बात यह सामने आई है कि अस्पताल में ईलाज के दौरान से छात्र गायब हो गया है, जिसके लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं चल रही है। गरियाबंद जिले के मैनपुर क्षेत्र के आश्रम छात्रवासों में इन दिनों व्यवस्था बिगडी हुई है, अव्यवस्था का यह आलम है कि बडेगोबरा आश्रम में एक बड़ी घटना कक्षा सातवी के छात्र राघव मंडावी के साथ घटी थी छात्र राघव मंडावी बीमार था और उसका ईलाज आश्रम प्रबंधन द्वारा समय पर नहीं करवाने के कारण छात्र राघव मंडावी की 30 जनवरी को ईलाज के दौरान धमतरी के एक अस्पातल में दर्दनाक मौत हो गया था, इस मामले को लेकर मैनपुर क्षेत्र में आदिवासी समाज के लोगों में भारी आक्रोश और गुस्सा देखने को मिल रहा है। पिछले दिनों इस मामले को लेकर मैनपुर में चक्काजाम भी किया गया था जिसके कारण आश्रम अधीक्षक एंव मंडल संयोजक पर बड़ी कार्यवाही करते हुए उन्हे हटा दिया गया। आश्रम अधीक्षक बडेगोबरा सुरेश सागर ने हरिभूमि को बताया कि छात्र ललित कुमार मरकाम गोबरा आश्रम में सुबह कपडा धो रहा था और अचानक पीछे से दूसरे छात्र के द्वारा धक्का देने से वह गिर गया जिससे छात्र ललित कुमार मरकाम के हाथ टुट गया उसे तत्काल मैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जंहा उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए जिला अस्पताल रिफर किया गया है जहां डॉक्टरों ने उनके हाथ टूटने के साथ सोल्डर की हड्डी खिसकने की बात बताई और उनका ईलाज किया जा रहा था कि अचानक छात्र और उसके पिता बगैर किसी को बताये चले गये जिसका पतासाजी किया जा रहा है कि घायल छात्र को लेकर उसके पिता कहा चले गया है बार-बार फोन लगाने के बाद भी छात्र के पिता फोन रिसिव नहीं कर रहे है।




# चार साल बाद भी अधूरा है पुल, रेत में धंस रही गाड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़ागांव(कोरासी)

लोक निर्माण विभाग के द्वारा मड़ेली-जरगांव मार्ग पर घुनघुटी नाला पर उच्चस्तरीय पुल निर्माण कार्य जिसका प्रशासकीय स्वीकृति की राशि 391.75 लाख की लागत से निर्माण कार्य प्रारंभ 7 जून 2021 से प्रारंभ किया गया था जिसके ठेके की राशि 2,88,64 800 पेटी ठेकेदार द्वारा किया गया है जिसका निर्माण कार्य पूर्ण 25 जनवरी 2022 में पूरा कर किया जाना था जो आज तक पुल निर्माण कार्य पुल आज पर्यन्त अधूरा है। एप्रोच रोड का ढलाई का कार्य अभी भी अधूरा पड़ा हुआ है जिससे राहगीर अब भी नदी पार कर रहे हैं। जिससे गाड़ियां हमेशा नदी की रेत में धंस रही है। पुल के ऊपर गाड़ी पार नहीं हो रही है। पुल निर्माण गुणवत्ता पूर्ण नहीं होने से कभी भी धंस सकता है। राजमिस्त्रियों के द्वारा बिना इंजीनियर की गैरमौजूदगी में यह कार्य किया जा रहा है। क्षेत्र के लोगों ने अतिशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण करने की मांग की है। यह मार्ग सीधे पाण्डुका से छुरा पहुंचने का सुगम मार्ग है। लेकिन पुल पर आकर अटककर रह जाते हैं। नदी में गाड़ी धसती है तो निकालने के लिए ट्रैक्टर मंगाना पड़ता है। ट्रैक्टर वालों को पांच सौ देना पड़ता है।



# बंगाल की खाड़ी में बने सिस्टम से बदला मिजाज हवाओं के साथ हुई बारिश

**रसेला।** बंगाल की खाड़ी में बने लो प्रेशर एरिया का असर क्षेत्र में साफ तौर पर दिखाई देने लगा है। सोमवार को सुबह से आसमान में बादल छाए रहे, और तेज हवाओं भी जारी रहा। मंगलवार को सुबह मौसम फिर पुरी तरह साफ दिखाई देने लगा। जैसे ही शाम हुआ फिर आसमान में बादल छाए और शाम करीब 7 बजें अचानक मौसम का मिजाज बिगड़ा और तेज हवाओं के साथ हल्की बारिश हुई। अचानक हुई बारिश से लोग इधर-उधर भागने लगे व बारिश से बचने लोगों ने जिसको जहां पनाह मिली, वहां रुके गये। हल्की-हल्की ठंड की वापसी फिर से होने के कारण लोग गरम कपड़े पहनने फिर मजबूर हो गये है। मौसम के अचानक परिवर्तन से प्रारंभिक गर्मी में ही लोगों फिर से ठंड का एहसास होने लगा है। वहीं मौसम बदलने के चलते बुखार, सर्दी,हाथ पैर दर्द,बदन दर्द,सिर दर्द सहित अन्य प्रकार के रोगो के मरीज बढ़ने लगे हैं। मौसम विभाग के अनुसार मंगलवार को भी क्षेत्र सहित जिले में हल्की बारिश की संभावना बताई गई थी और कहीं कहीं आंधी तूफान की स्थिति भी बन सकतीं हैं करके संभावना जताई गई थी।

# 10 माह बाद भी नहीं कटी झाड़ियां दुर्घटना को न्योता दे रहा है मार्ग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

छत्तीसगढ़ शासन द्वारा सुशासन तिहार 2025 का आयोजन किया गया जिसमें सेक्टर बनाकर ग्राम पंचायत में आवेदन मांगा गया और उनके निराकरण के लिए समिति और संबंधित विभाग के अधिकारियों को भेजा गया किंतु धीरे-धीरे पर अब उनके निराकरण धरातल पर आ रहा है जिसे पता चलता है कि सुशासन तिहार सिर्फ कागजों पर चला और निराकरण के नाम पर सिर्फ विभाग के अधिकारी एक दूसरे को कागज भेजते रहे और अभ्यर्थी को इसकी सूचना देते रही थी आपके मांगों का उच्च अधिकारियों को प्रेषित कर दिया गया है। छुरा से सारा गांव दुल्ला मार्ग पर सड़क किनारे आसपास झाड़ी एवं घासो की सफाई के लिए यहां से गणेशराम यादव द्वारा सुशासन तिहार 2025 को आवेदन लगाकर मांग किए गए की झाड़ियां की वजह से दुर्घटना की संभावनाएं बनी हुई है। अतः सड़क के आसपास शोल्डर एवं आसपास के झाड़ियां की सफाई किया जाए जिससे आने जाने वालों को सुगमता होगा, उनके इस पत्राचार को कार्यपालन अभियंता द्वारा उन्हें प्रेषित का सूचना दी गई कि आपका आवेदन को अधिकारियों को भेज दिया गया है साथ ही साथ कार्यपालन अभियंता द्वारा उन्हें 265000 खर्च का योजना बनाकर जानकारी दी गई जिसमें कहा गया की साफ -सफाई की कार्य में ट्रैक्टर, मजदूर एवं लोडर सहित कितने मजदूर का ▶▶|शेष पेज 8 पर





## सामाजिक संगठनों और जनप्रतिनिधियों का अल्टीमेटम

# 30 करोड़ रुपए की बर्बादी पर जनआक्रोश, उच्च स्तरीय जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

व्यापारिक सेंटर नवापारा शहर में विकास कार्यों को लेकर एक बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। जब पहले से ही अंडरब्रिज और फ्लाईओवर निर्माण की योजना थी, तो फिर करीब 30 करोड़ रुपये की लागत से अभी हाल के वर्षो में सड़क चौड़ीकरण क्यों कराया गया? अब जबकि फ्लाईओवर और अंडरब्रिज का काम प्रस्तावित या प्रारंभिक चरण में है, तो नागरिकों के बीच यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर इस दोहराव की जिम्मेदारी कौन लेगा? स्थानीय लोगों का कहना है कि हाल ही में कुर्रा से लेकर राजिम महानदी पुल नेशनल हाइवे 130 मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण किया गया था, जिसमें करोड़ों रुपये खर्च हुए। यदि भविष्य में बड़े ढांचागत निर्माण-जैसे फ्लाईओवर या अंडरब्रिज-का खाका पहले से तैयार था, तो क्या उस समय समन्वित योजना नहीं बनाई जा सकती थी? लोग पूछ रहे हैं कि क्या चौड़ीकरण के दौरान दीर्घकालिक ट्रैफिक प्लानिंग पर विचार नहीं किया गया? यदि किया गया था, तो फिर अब नई खुदाई और तोड़फोड़ की नौबत क्यों आ रही है? सूत्रों के अनुसार, सड़क चौड़ीकरण का कार्य लोक निर्माण विभाग के माध्यम से कराया गया, जबकि फ्लाईओवर और अंडरब्रिज का कार्य रेल्वे एवं अन्य एजेंसियों के माध्यम से प्रस्तावित है। ऐसे में विभागों के बीच समन्वय की कमी उजागर होती दिखाई दे रही है।

**जवाबदेही तय की जाए-** यदि योजना निर्माण में लापरवाही हुई है, तो जिम्मेदार अधिकारियों पर जवाबदेही तय की जाए। साथ ही भविष्य में किसी भी बड़ी परियोजना से पहले मास्टर प्लान सार्वजनिक किया जाए, ताकि जनता को विश्वास में लिया जा सके। यह सच है कि फ्लाईओवर और अंडरब्रिज जैसे निर्माण कार्य शहर के दीर्घकालिक विकास के लिए महत्वपूर्ण हो सकते हैं। लेकिन यदि योजनाएं बिना समन्वय और पूर्वदृष्टि के बनाई जाएंगी, तो इससे न केवल आर्थिक नुकसान होगा बल्कि जनता का विश्वास भी डगमगाएगा।

तीस करोड़ रुपये के चौड़ीकरण के बाद अब फ्लाईओवर और अंडरब्रिज की योजना ने प्रशासनिक कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब आवश्यकता है पारदर्शिता, स्पष्ट जवाब और ठोस योजना की, ताकि विकास कार्य जनता के हित में हों, न कि विवाद और अविश्वास का कारण बनें।

### मामले की उच्च स्तरीय जांच हो



नपा अध्यक्ष ओमकुमारी-संजय साहू, नपा उपाध्यक्ष भूपेंद्र सोनी, पार्षद रामरतन निषाद, संजय शर्मा, मुकुंद मेश्राम, प्रेम साहू जैसे स्थानीय जनप्रतिनिधियो ने कहा कि यदि परियोजनाएं एक-दूसरे से जुड़ी थीं, तो समेकित योजना बनाकर चरणबद्ध तरीके से कार्य क्यों नहीं किया गया? इससे न केवल समय और संसाधनों की बचत होती, बल्कि जनता को बार बार असुविधा भी नहीं झेलनी पड़ती। तीस करोड़ रुपये जैसी बड़ी राशि जनता के कर से आती है। नागरिकों का कहना है कि यदि उसी मार्ग पर दोबारा निर्माण कार्य होना है, तो यह धन का दुरुपयोग प्रतीत होता है। लोगों ने मांग की है कि संबंधित विभाग स्पष्ट करे कि चौड़ीकरण और वर्तमान परियोजनाओं के बीच क्या संबंध है और क्या पहले के कार्य व्यर्थ साबित होंगे? सामाजिक संगठनों और व्यापारिक वर्ग ने मांग की है कि इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए।

# मुढीपानी में गायत्री महायज्ञ का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम मुढीपानी में दो दिवसीय पांच कुडीय गायत्री महायज्ञ का एक भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ किया गया है। यह आयोजन राष्ट शौर्य और समृद्धि के संदेश के साथ शुरू हुआ, जिसमें गायत्री शक्तिपीठ छुरा और रसेला के तत्वावधान में विभिन्न संस्कारों और यज्ञादि का आयोजन किया जा रहा है। यहां आयोजन ग्राम मुढीपानी के समस्त ग्रामवासी के द्वारा आयोजित हो रहा है। मंगलवार को 4 बजे गाजे बाजे के साथ गांव की गलियों में कलशयात्रा निकाली गई। तत्पश्चात कथावाचक महासमुंद से प्रभात उपाध्यक्ष व दुबे महाराज के द्वारा संगीतमय भजन की प्रस्तुति के साथ जिसका उद्देश्य देव संस्कृति का उत्थान, ▶▶|शेष पेज 8 पर

## खबर संक्षेप

### पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्रामीण मंडल भाजपा महासमुंद के महामंत्री बने रामेंद्र



**महासमुंद।** ग्राम लभराकला निवासी रामेंद्र प्रकाश गिरि को पिछड़ा वर्ग मोर्चा ग्रामीण मंडल भाजपा महासमुंद के महामंत्री तथा कोसरंगी निवासी राजेंद्र गिरि को मंत्री बनाया गया है। इस पर गोस्वामी समाज महासमुंद के जिलाध्यक्ष तोषण गिरि गोस्वामी, प्रांतीय संरक्षक उमेश भारती, अशोक गिरि, नारेंद्र प्रकाश गिरि, विजय पुरी, शंकर पुरी, धीरेंद्र गिरि, ओमप्रकाश पुरी, डिगेंद्र गिरि, धर्मेंद्र गिरि, मनोज गिरि, देवेंद्र गिरि, दुर्वासा गिरि, यशवंत गिरि, पेमेंद्र गिरि, चंदन पुरी आदि पदाधिकारियों ने हर्ष जताया है।

### बजट से जनता को लाभ मिलेगा, होगा राज्य का विकास : तुषार



**महासमुंद।** राष्ट्रीय तेली कर्मा सेना के संस्थापक व भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशवंत तुषार साहू ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओपी चौधरी को छत्तीसगढ़ के विकास के लिए प्रस्तुत बजट 2026-27 के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया है। इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, शिक्षा, स्वास्थ्य और ग्रामीण विकास के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान किए गए हैं, जो छत्तीसगढ़ के विकास के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। हम आशा करते हैं कि इस बजट के माध्यम से छत्तीसगढ़ की जनता को लाभ मिलेगा और राज्य का विकास होगा।

### बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ का प्रावधान



**महासमुंद।** संवेदना समूह खरोरा के सदस्य मुकेश चंद्राकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को बजट पेश किया। बजट में महतारी वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। इसके साथ ही कृषि उन्नत योजना के लिए बड़ी घोषणा की गई है। सरकार ने किसानों के लिए 10 हजार करोड़ रुपए की घोषणा की है। वहीं, पीएम आवास योजना ग्रामीण के लिए 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। वन संरक्षण के लिए 913 करोड़ रुपये की घोषणा की गई है। इसके साथ ही नक्सलियों के गढ़ को एजुकेशन का हब बनाने का फैसला लिया गया है। छत्तीसगढ़ के विष्णुदेव साय की सरकार का यह तीसरा बजट है।

### कलश यात्रा 27 और शिव काली मंदिर का स्थापना दिवस 28 को

**जगदलपुर।** शहर की सामाजिक एवं सांस्कृतिक संस्था मैत्री संघ द्वारा संचालित शिव काली मंदिर का 30 वां स्थापना दिवस 28 फरवरी को भव्यता के साथ मनाया जाएगा। मैत्री संघ के महासचिव सुनील साहा ने कार्यक्रम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि स्थापना दिवस के एक दिन पूर्व 27 फरवरी को कलश यात्रा का भव्य आयोजन किया जा रहा है। कलश यात्रा दोपहर 3 बजे स्थानीय महादेव घाट से मैत्री संघ काली मंदिर तक आयोजित की जाएगी। कलश यात्रा के लिए कलश की व्यवस्था संस्था द्वारा करवाया जाएगा। स्थापना दिवस के दिन सुबह 9.30 बजे से विशेष पूजा अर्चना प्रारंभ की जाएगी एवं दोपहर 12 बजे पुष्पांजलि अर्पित होगी। उसके बाद दोपहर 2 बजे महाभंडारा का आयोजन किया जाएगा।

### 10 वीं के अंग्रेजी पेपर में एक भी नकल का मामला नहीं

**जगदलपुर।** कक्षा 10 वीं बोर्ड में आज अंग्रेजी विषय की परीक्षा में नकल का एक भी प्रकरण दर्ज नहीं हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी बीआर बघेल ने बताया कि परीक्षा केन्द्र कुल 105 में दर्ज संख्या 8975 में 8684 उपस्थित तथा 291 अनुपस्थित रहे।

---

**चर्चा : बागबाहरा पालिका में संपत्ति, जल समेत अन्य करों की हुई समीक्षा**

# बागबाहरा पालिका सख्त, टैक्स वसूली पर एक्शन मोड, बकायेदारों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बागबाहरा

नगर पालिका परिषद बागबाहरा कार्यालय में सोमवार को नगर पालिकाध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने सम्पत्ति कर, जलकर और सहित अन्य करो की वसूली की समीक्षा की। सभी करों की वित्तीय वर्ष के वार्डवार वसूली की जानकारी ली गई। कम वसूली के लिए राजस्व प्रभारी को सभी बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया। नगर पालिका परिषद प्रशासन ने टैक्स न चुकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है व उनके नाम सार्वजनिक करने के लिए आदेशित किया।

बैठक में राजस्व विभाग के अधिकारी ने बताया कि लगातार अपील के बाद प्रतिदिन 10 से 15 लोग जल कर व मकान टैक्स जमा करने पालिका आ रहे हैं। अनेक बड़े बकायेदार अभी भी टैक्स अदा करने में रुचि नहीं रहे हैं। पिछली बैठक में अध्यक्ष ने कर्मचारियों को निर्देशित किया था कि बड़े बकायादारों की सूची तैयार कर आवश्यक कार्रवाई करें। अध्यक्ष के निर्देश पर विभाग द्वारा बड़े बकायदारों की सूची तैयार कर ली गई है।



**संपत्ति, जल व अन्य करों की समीक्षा, नाम सार्वजनिक करने के निर्देश**



नपाध्यक्ष ने कम वसूली के लिए राजस्व प्रभारी को बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करने के दिए निर्देश

### वार्ड 1 से 15 तक घूम रही राजस्व की टीम

नगर पालिका परिषद बागबाहरा के वार्डों से संपत्ति कर को लेकर नगर पालिका ने कई बार लोगों से अपील की कि संपत्ति कर समय पर जमा किया जाए. लेकिन नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक अधिकांश घरों में संपत्ति कर, समेकित कर और जल शुल्क की बड़ी बकाया राशि लंबित है। नगर पालिका के अनुसार बकायादारों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर कर भुगतान के लिए अवसर दिया गया, लेकिन इसके बावजूद अब तक बड़ी संख्या में लोगों ने कर जमा नहीं किया है। अब नगर पालिका परिषद बागबाहरा प्रशासन ने सख्त कार्रवाई का निर्णय लिया है। नगर में लगभग 2255 घरों में पानी का कनेक्शन है। जिन पर लगभग चालू वर्ष में 29 लाख रुपया बकाया है। वहीं पिछले साल का 50 लाख की वसूली बकाया है। इसी तरह संपत्ति कर 37 लाख व समेकित कर 39 लाख रुपए की बकाएदारी चल रही है। टैक्स जमा करने के लिए एनडीएस ऐप बनाया गया है। ऐप माध्यम से आप घर बैठे मोबाइल से अपना गृहकर-जलकर जमा कर सकते हैं।

### नगर पालिका अध्यक्ष ने की अपील

नगर पालिका अध्यक्ष खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने जनता से अपील कि है कि शहर के विकास और बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए समय पर सभी करो भुगतान बेहद आवश्यक है। होल्डिंग टैक्स घर, दुकान, प्लॉट या अन्य संपत्तियों पर लगाया जाने वाला स्थानीय कर है। इसी राशि से सड़क, नाली, सफाई, स्ट्रीट लाइट, पेयजल और पार्क जैसी आवश्यक सुविधाओं का संचालन और विकास किया जाता है। यदि नागरिक समय पर टैक्स जमा नहीं करते हैं, तो विकास कार्य प्रभावित होते हैं। नगर पालिका में राजस्व की कमी का सामना करना पड़ता है, जिससे योजनाएं अधूरी रह सकती है। समय पर भुगतान से शहर की सफाई व्यवस्था मजबूत होगी। सड़क और नाली निर्माण कार्य तेज होंगे, स्ट्रीट लाइट और पानी की सुविधा बेहतर होगी। नगर पालिका ने सभी संपत्ति धारकों से अपील की है कि वे जल्द से जल्द अपना बकाया टैक्स जमा करें और शहर के विकास में भागीदार बनें।

### बकायादारों को आखिरी मौका

नगर पालिका परिषद बागबाहरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश कुमार चंद्रा ने बताया कि वार्ड में नगर पालिका की टीम की ड्यूटी लगाकर वसूली करवाई जा रही है। मुनादी कराकर संपत्ति, समेकित, दुकान और जल कर जमा करने को कहा जा रहा है। जमा नहीं करने वालों को चिन्हांकित कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। वार्ड नंबर 1 से 15 तक वसूली अभियान चलाने के लिए नगर पालिका की राजस्व टीम का गठन किया गया।

---

## अवैध कटाई और आगजनी रोकने का लिया संकल्प



हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा

वन प्रबंधन समिति मोंगरा के तत्वावधान में वनों की सुरक्षा और संवर्धन के लिए एक महत्वपूर्ण ग्राम सभा बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक समिति के अध्यक्ष रामचंद्र नायक की अध्यक्षता में संपन्न हुई, जिसमें जंगलों को आग और अवैध कटाई से बचाने के लिए कड़े निर्णय लिए गए।बैठक के मुख्य निर्णयःअध्यक्ष रामचंद्र नायक के मार्गदर्शन में ग्रामवासियों ने सर्वसम्मति से निम्नलिखित संकल्प पारित किए ग्रामीण न तो स्वयं जंगल में आग लगाएंगे और न ही किसी अन्य को लगाने देंगे। वनों की अवैध कटाई और अतिक्रमण पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। यदि कोई व्यक्ति नियमों का उल्लंघन करते हुए पाया जाता है, तो उस पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों का मार्गदर्शन बैठक में उपस्थित वन परिक्षेत्र छुरा के रेंजर लवकुश पांडे ने ग्रामीणों को वनों से होने वाले लाभों के बारे में विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि वन न केवल पर्यावरण संतुलन बनाए रखते हैं, बल्कि ग्रामीणों की आजीविका का भी मुख्य आधार हैं। बैठक में वन विभाग के अधिकारियों और ग्राम पंचायत के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही सतीश सिन्हा डिप्टी रेंजर, देवराज साहू नागिन बाहरा वन बीटगार्ड एवं ईशु जोशी मोंगरा वन बीटगार्ड मनीराम नागवंशी सरपंच, पीलम राम नेताम उपसरपंचबैठक के अंत में समस्त ग्रामवासियों ने एकजुट होकर जंगल बचाने की शपथ ली।

---

## रमेश शर्मा और चिराग बने जिला उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छुरा



क्षेत्र में संगठनात्मक विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्तियां की गई हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज की सहमति एवं जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के अनुमोदन से क्षेत्र के वरिष्ठ कांग्रेस नेता रमेश शर्मा एवं चिराग अली को जिला कांग्रेस कमेटी का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। वहीं युवा नेतृत्व को आगे बढ़ाते हुए अवधेश प्रधान, पहलाद यदु और पन्नालाल ध्रुव को जिला महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। नियुक्ति की घोषणा के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखा गया। नव-नियुक्त पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने जो विश्वास जताया है, उस पर वे पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ खरा उतरने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा और नीतियों को गांव-गांव और जन-जन तक पहुंचाने का कार्य प्राथमिकता के साथ किया जाएगा। नवनियुक्त उपाध्यक्षों ने कहा कि प्रदेश एवं केंद्र सरकार द्वारा जनता से किए गए वादों के विपरीत कार्य किए जा रहे हैं, जिससे आमजन प्रभावित हो रहे हैं। महंगाई, बेरोजगारी, किसान समस्याएं और जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रही है और आगे भी मजबूती से उठाती रहेगी। उन्होंने कहा कि सरकार की कथित जनविरोधी नीतियों एवं विफल योजनाओं को जनता के बीच उजागर किया जाएगा। वहीं जिला महामंत्रियों ने कहा कि संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करना, कार्यकर्ताओं को सक्रिय करना और आम लोगों की समस्याओं को पार्टी मंच तक पहुंचाना उनकी प्राथमिकता होगी। युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए विशेष अभियान चलाया जाएगा, ताकि कांग्रेस की नीतियों और कार्यक्रमों का व्यापक प्रचार-प्रसार हो सके। इन नियुक्तियों पर स्थानीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। कार्यकर्ताओं का मानना है कि अनुभवी एवं युवा नेतृत्व के समन्वय से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी और आगामी समय में कांग्रेस और अधिक सशक्त रूप में सामने आएगी।



---

## गरियाबंद जिला कांग्रेस में 60 पदाधिकारियों की नियुक्ति, 20 सचिव और 17 महामंत्री बनाए गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद का संगठनात्मक विस्तार करते हुए नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष दीपक बैज ने सूची को अनुमोदित कर जारी किया। सभी नाम जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा द्वारा प्रस्तावित किए गए थे, जिन्हें प्रदेश नेतृत्व की स्वीकृति के बाद औपचारिक रूप से घोषित किया गया। नई टीम में कुल 60 पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इनमें सर्वाधिक 20 सचिव और 17 महामंत्री बनाए गए हैं। इसके अलावा 12 उपाध्यक्ष, एक कोषाध्यक्ष और 10 कार्यकारी सदस्यों की नियुक्ति की गई है। संगठन का दावा है कि नई कार्यकारिणी जिले में पार्टी को मजबूती देने के साथ ही सरकार की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ प्रभावी भूमिका निभाएगी। जिला कांग्रेस में कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष आबिद ढेबर को सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में संगठन की वित्तीय व्यवस्था को सुदृढ़ करने पर विशेष जोर रहेगा नवनियुक्त उपाध्यक्षों में तपेश्वर ठाकुर, पुष्पा साहू, सन्नी मेमन, पवन सोनकर सहित अन्य शामिल हैं। महामंत्री पद पर ठाकुर ओंकार सिंह, पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष हाफिज खान, छगन यादव, नीरज ठाकुर, पन्ना लाल ध्रुव, चेतन सिन्हा समेत अन्य कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। कार्यकारी सदस्यों में होमन साहू, रोशनी गोस्वामी, योगेश्वरी साहू सहित अन्य नाम शामिल हैं। जिला कांग्रेस नेतृत्व का कहना है कि नई टीम के गठन से संगठनात्मक गतिविधियों में तेजी आएगी और जिले में चल रहे जनसरोकार के मुद्दों पर पार्टी और अधिक सक्रिय भूमिका निभाएगी। हाल के दिनों में कांग्रेस द्वारा विभिन्न मुद्दों को लेकर किए गए प्रदर्शनों के बीच इस विस्तार को संगठन की मजबूती की दिशा में अहम कदम माना जा रहा है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने जिला एवं शहर कांग्रेस कमेटियों की अनुमोदित कार्यकारिणी की सूची जारी कर दी है। जारी सूची के अनुसार जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद की नई टीम का गठन किया गया है। जिला कांग्रेस कमेटी गरियाबंद के अध्यक्ष के रूप में सुखचंद बेसरा के नेतृत्व में विस्तृत कार्यकारिणी घोषित की गई है, जिसमें उपाध्यक्ष, महामंत्री, सचिव एवं कार्यकारिणी सदस्य शामिल किए गए हैं। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि संगठन को मजबूती देना और आम जनता की आवाज उठाना प्राथमिकता रहेगी। कुल मिलाकर, गरियाबंद जिला कांग्रेस की यह नई टीम संगठनात्मक संतुलन और सामाजिक प्रतिनिधित्व को ध्यान में रखकर गठित की गई है, जिससे आने वाले समय में पार्टी की गतिविधियों को नई गति मिलने की उम्मीद है।



---

## कन्या कॉलेज में राष्ट्रीय स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद




शासकीय माता कर्मा कन्या महाविद्यालय द्वारा पांच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम की शुरुआत 24 फरवरी को हाइब्रिड माध्यम (ऑनलाइन एवं ऑफलाइन) से हुई। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, रोजगार एवं नेतृत्व के क्षेत्र में सभी लिंगों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना, लिंग आधारित भेदभाव एवं पूर्वाग्रहों को समाप्त करना, समान कार्य के लिए समान वेतन को प्रोत्साहित करना तथा सुरक्षित, सम्मानजनक एवं उत्पीड़न-मुक्त वातावरण का निर्माण करना है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि शासकीय महाप्रभु वल्लभाचार्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय की प्राचार्य करुणा दुबे ने कहा कि छात्राओं को पुरानी सोच से आगे बढ़ते हुए जागरुकता एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. एसबी कुमार ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में संकाय विकास कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं का उल्लेख किया तथा वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। प्रथम दिवस की मुख्य वक्ता डॉ. आराधना शुक्ला सहायक प्राध्यापक (रायपुर) ने महिलाएं एवं वित्तीय नेतृत्वः आर्थिक नीति निर्माण में उनकी भागीदारी एवं सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया। उन्होंने कहा कि वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद में महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से लगभग 20 प्रतिशत तक वृद्धि संभव है तथा भारतीय कृषि क्षेत्र में महिलाओं का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक है। आमंत्रित वक्ता डॉ. निधि सिंह शुक्ला ने सशक्त भारत के निर्माण में महिलाओं के योगदान, नेतृत्व क्षमता एवं अदम्य साहस का उल्लेख किया, महिला सशक्तिकरण और टेक्नोलॉजी व योजनाओं का उल्लेख किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. स्वेतलाना नागल द्वारा किया गया।

यह कार्यक्रम महाविद्यालय के संरक्षक डॉ. शीलभद्र कुमार, प्रभारी प्राचार्य एवं संयोजक डॉ. सरस्वती वर्मा (विभागाध्यक्ष, हिंदी) तथा समन्वयक डॉ. स्वेतलाना नागल (विभागाध्यक्ष, सूक्ष्मजीव विज्ञान) के मार्गदर्शन में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन टीम में ओमप्रकाश पटेल (विभागाध्यक्ष, भूगोल), डॉ. मनोज कुमार शर्मा (विभागाध्यक्ष, वाणिज्य), अजय कुमार श्रीवास (पुस्तकालयाध्यक्ष) सहित प्राध्यापकगण ओंकार साहू, जगदीश प्रसाद खटकर, वंदना यादव, अरविंद साहू, कविता गहीर, खगेश्वर नवरंगे, अतिथि व्याख्यातागढ़ एवं महाविद्यालय स्टाफ गुप्तेश नामदेव, उमा साहू, डॉ.लोकनाथ तारक, डॉ चित्रलेखा साहू, डॉ हेमेंद्र साहू, डॉ संजय कुमार वर्मा, दूलामणि रौतिया, प्रेरणा कॉपसे, पूजा साहू, चमन आडिले, संतराम मन्नाडे, रामकृष्ण साहू, अश्वनी कुमार लोधी, अहिल्या लहरे, मनीष बंजारे, विनोद बंजारे, कामीन लहरे का योगदान रहा।

---

## जिलों में भ्रमण कर पिछड़ा वर्ग के लोगों से लिया जा रहा सुझाव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग का गठन जनसंख्या के आधार पर रिजर्वेशन एवं भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से किया गया है। आयोग द्वारा सबसे पहले सर्वे करवाया और पिछड़ा वर्ग की जनसंख्या को स्पष्ट किया गया। इसके बाद से प्रत्येक जिले में भ्रमण कर वहां के पिछड़ा वर्ग के लोगों से चर्चा कर सुझाव लिया जा रहा है। रिपोर्ट में बेहतर सुझाव को शामिल किया जा रहा है।

उक्त बातें पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा ने मंगलवार को शहर के सर्किट हाऊस में पत्रवार्ता में कही। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछड़ा वर्ग समाज में 95 जाति के लोग शामिल हैं। इन समाज के लोगों की सरकारी योजनाओं में कितनी भागीदारी है और समाज के लोगों को सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं इसकी जानकारी ली जा रही है।

---

## एक वर्ष पूरे होने पर श्रमदान से बनाया क्रिकेट मैदान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| झलप

ग्राम लखनपुर पंचायत के एक वर्ष पूरे होने पर सरपंच, उपसरपंच, समस्त पंच एवं युवा ग्रामीणों ने क्रिकेट मैदान निर्माण के लिए श्रमदान किया।

सभी के आर्थिक सहयोग का योगदान किया, जिससे मिट्टी मुरम डाली गई। जेसीबी मशीन लगाकर मैदान को समतल किया। जिसके उद्घाटन में मुख्य अतिथि जिला महामंत्री भाजपा ओबीसी मोर्चा निर्भय नायक उपस्थित रहे। सरपंच खेमिन चोवाराम ध्रुव, उपसरपंच महामंत्री भाजपा झलप मण्डल कमल कौशिक, सरपंच प्रतिनिधि चोवाराम ध्रुव के साथ में युवा ग्रामीण वेदप्रकाश पटेल, डॉ सीतेश पटेल, सतीश जोशी, देवदत्त साहू, भूपेंद्र यादव, बलराम जोशी, भूखन जोशी, प्रेम सागर जोशी, पवन साहू, गिरजा शंकर जोशी, भानू जोशी, कौशल साहू, यादराम ढीवर, तमेश्वर जोशी, हेमेंद्र जोशी, खिलेश्वर जोशी, लाला जोशी, शिवम जोशी, नरेश यादव, रवि जोशी, गुलशन यादव, दुर्गेश यादव, वीरू यादव, लारेंस जोशी, टिकेश यादव आदि उपस्थित रहे।



---

पेज 7 के शेष...

### फुलझर जलाशय का...

आसपास के किसान इस सिंचाई परियोजना के सहारे धान, मक्का, गेहुं की खेती किसानी करते आ रहे है और फुलझर जलाशय के मुख्य गेट के लोहे का वाल पिछले कई वर्षों से जंग लगकर खराब हो गया था।

**मरम्मत करने गंभीरता से नहीं दिया ध्यान-** मरम्मत की मांग किसानों व क्षेत्रवासियों द्वारा सिंचाई विभाग के स्थानीय सब इंजीनियर एसडीओं से पिछले 05-06 वर्षों से करते आ रहे थे हर बार सिंचाई विभाग के संबधित अधिकारियों द्वारा गर्मी के दिनों में सिंचाई परियोजना सुखने के बाद मरम्मत करने का आश्वासन दिया जाता रहा है लेकिन इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया जिसके कारण लगभग डेढ माह पहले यह सिंचाई परियोजना के गेट का मुख्य वाल जो जंग लगकर खराब हो गया था वह टूट गया और पिछले डेढ माह के भीतर इस सिंचाई परियोजना के 75 प्रतिशत पानी बह गया। नाम मात्र पानी बचा हुआ है आने वाले गर्मी के दिनों में भारी परेशानियों का सामना करना पडेगा।

### 10 माह बाद भी...

खर्च बनाकर उच्च अधिकारी को जानकारी अभ्यर्थी को दी गई किंतु लगभग 10 महीने बाद भी स्वीकृति नहीं मिली और आज भी सड़क किनारे झाड़ियां से दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के इंजीनियर केपी सकारिया ने कहा कि उक्त मार्ग की सफाई के लिए राशि की मांग उच्च कार्यालय से की गई थी किंतु राशि स्वीकृत नहीं हुई है इसलिए सड़कों के आसपास की झाड़ियां की सफाई करना संभव नहीं हैं।

### मुढीपानी में गायत्री...

राष्ट निर्माण और जन जन तक सुसंस्कार पहुंचाना है। प्रभात उपाध्यक्ष ने कहा कि महायज्ञ के माध्यम से अखिल विश्व गायत्री परिवार के संस्थापक पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य एवं माता भगवती देवी शर्मा के आदर्शों के अनुरूप देव संस्कृति के उत्थान, विश्व शांति एवं मानव कल्याण का संदेश दिया जा रहा है। शुभारंभ अवसर पर निकाली गई कलश यात्रा में बड़ी संख्या में महिलाओं ने सिर पर कलश धारण कर गांव में भ्रमण किया। इस दौरान समाज में व्याप्त कुरीतियों से दूर रहने एवं सद्भाव, नैतिकता व संस्कारों को अपनाने का संदेश दिया गया। 25 फरवरी को सुबह 7 बजे से दोपहर 12 बजे तक 5 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ होगा। इस अवसर पर पुंसवन, मुंडन, विद्यारंभ, दीक्षा, यज्ञोपवीत सहित विभिन्न संस्कार कराएं जाएंगे। महासमुंद से पधारे उपाध्यक्ष द्वारा युग संगीत व प्रवचन कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में समस्त ग्रामवासी और गायत्री परिजन जुटे हुए हैं।

खबर संक्षेप

## टीकम किसान मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष बने



**छुरा।** जनपद पंचायत के पूर्व सभापति टीकम चंद साहू को भारतीय जनता पार्टी के किसान मोर्चा का जिला उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों में उत्साह का माहौल है। पार्टी संगठन ने उन्हें यह जिम्मेदारी सौंपते हुए किसानों के हित में सक्रिय भूमिका निभाने की अपेक्षा जताई है। नवनियुक्त जिला उपाध्यक्ष टीकम चंद साहू ने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के कल्याण के लिए अनेक जनहितकारी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इन योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यही किसान मोर्चा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने पार्टी के प्रदेश एवं जिला स्तरीय पदाधिकारियों एवं विधायक रोहित साहू, अध्यक्षभंडार गृह चंदूलाल साहू, अध्यक्ष खाद्य आयोग संदीप शर्मा, पूर्व सांसद चुन्नीलाल साहू, पूर्व विधायक संतोष उपाध्याय, जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर, चंद्रशेखर साहू, संदीप पांडे, थान सिंह निषाद मंडल अध्यक्ष सुमित पारख के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी, निष्ठा और समर्पण भाव से करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि वे अपनी पूरी टीम के साथ गांव-गांव जाकर किसानों से संपर्क करेंगे, शासन की योजनाओं की जानकारी देंगे और यह सुनिश्चित करेंगे कि पात्र किसानों को अधिक से अधिक लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि वर्तमान सरकार ने किसानों के हित में ऐतिहासिक निर्णय लेते हुए प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रुपये प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी की है, जिससे किसानों की आर्थिक स्थिति में उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

## बेमौसम बारिश से आम के बौर झड़ने लगे

**मैनपुर।** तहसील मुख्यालय मैनपुर नगर सहित क्षेत्र में मंगलवार को दोपहर में अचानक मौसम में करवट लिया और आंधी -तूफान के साथ हल्की बारिश हुई। वहीं बंगाल के खाड़ी में बने सिस्टम के कारण बदली छाई हुई है जिसके कारण सबसे ज्यादा नुकसान आम के फसल को होने की संभावना है आम के पेड में बौर लग गए हैं यह बारिश, आंधी-तूफान के साथ ही बदली और मौसम के खराबी से झड़ने लगा है। वहीं गांव- गांव में इन दिनों में अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है जो प्रभावित होता दिखा।

## देशी प्लेन शराब बेच रहे दो लोगों पर कार्रवाई

**महासमुंद।** बाइक में शराब रखकर बिक्री कर रहे दो लोगों के खिलाफ तेंदूकोना पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस को सूचना मिली थी कि दो व्य क्ति काला हरा रंग हीरो एचएफ डिलक्स मोटर सायकल क्रमांक सीजी 06 जीपी 2568 में शराब रखकर बिक्री करने हेतु ग्राम कौंसरा की ओर जा रहे हैं। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने आरोपी मेन कुमार चंद्राकर पिता टेकराम चंद्राकर (40 वर्ष)कौंसरा तथा भुनेश्वर दीवान पिता नाथूराम दीवान (42 वर्ष) कौंसरा को पकड़ा।

### बजट : छत्तीसगढ़ बजट 2026-27 पर जिले की मिली-जुली प्रतिक्रिया

# साय सरकार का संकल्प बजट, भाजपा ने बताया विकास का चंदन, कांग्रेस बोली जुमलों की पतंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद



विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली सरकार का तीसरा बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को विधानसभा में पेश किया। सरकार ने इसे सर्वसमावेशी और विकासोन्मुखी बजट बताया है। वर्ष 2026-27 का यह बजट एक ओर जहां भाजपा के लिए विकास, संतुलन और आत्मनिर्भरता की दिशा में मजबूत कदम बताया जा रहा है, वहीं कांग्रेस इसे घोषणात्मक और जमीनी हकीकत से दूर बता रही है। अब प्रदेश की जनता की नजर बजट के क्रियान्वयन पर रहेगी, जिससे यह तय होगा कि "संकल्प" का यह बजट वास्तव में विकास की नई दिशा तय कर पाता है या नहीं। गरियाबंद जिले में भी बजट को लेकर लोगों की उत्सुकता देखने को मिली। बजट को लेकर हरिभूमि ने गरियाबंद जिले के विभिन्न वर्गों के नागरिकों से बात की, जिन्होंने बजट पर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। बजट पर कांग्रेस नेता असंतुष्ट नजर आये तो वहीं भाजपा के लोग बजट को लेकर उत्साही दिखे। ज्ञान, गति के बाद संकल्प का बजट, हर वर्ग के विकास और भरोसे की मजबूत पहल

**ग्रामीण-शहरी संतुलन पर फोकस: बजट में विकास की दोहरी रफ्तार : अनिल चंद्राकर**-छत्तीसगढ़ सरकार ने विधानसभा में अपना तीसरा बजट पेश किया, जिसमें विकास, अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और किसानों के हितों को प्राथमिकता दी गई है। यह बजट राज्य के सर्वांगीण विकास और आमजन को राहत देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। गरियाबंद भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल चंद्राकर ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत नवीन बजट को सर्व वर्ग स्पर्शी और संतुलित विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया है।

बजट को लेकर भाजपा जिला महामंत्री डॉ. आशीष शर्मा ने कहा कि शिक्षा एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत संरचना के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। नए स्कूल, कॉलेज और स्वास्थ्य केंद्रों की स्थापना, चिकित्सकीय सुविधाओं के विस्तार तथा आधुनिक उपकरणों की उपलब्धता से आमजन को बेहतर सेवाएं मिलने की उम्मीद है। आदिवासी क्षेत्रों और दूरस्थ अंचलों के समग्र विकास के लिए विशेष योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। सड़क, बिजली, पेयजल एवं डिजिटल कनेक्टिविटी को मजबूत करने के साथ-साथ ग्रामीण अधोसंरचना के विकास पर भी जोर दिया गया है।

भाजपा महामंत्री प्रीतम सिन्हा ने कहा कि यह बजट "सबका साथ, सबका विकास" की भावना को साकार करता हुआ प्रदेश के उज्ज्वल भविष्य की रूपरेखा प्रस्तुत करता है। जिसमें समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखते हुए प्रावधान किए गए हैं वित्त मंत्री ने अपने बजट भाषण में स्वास्थ्य, शिक्षा, व्यापार, उद्योग, महिलाओं की सुरक्षा, स्वावलंबन, किसानों और मजदूरों के हितों को प्राथमिकता देने की बात कही। बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने और युवाओं के लिए नए अवसर उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया है।

**बजट पूरी तरह बोगस : अमितेश**-कांग्रेस वरिष्ठ नेता एवं प्रथम पंचायत मंत्री अमितेश शुक्ल ने बजट को पूरी तरह से बोगस करार दिया है,उन्होंने कहा बजट में गरियाबंद जिला तो क्या पूरे प्रदेश वासियों को कुछ नहीं दिया है, श्री शुक्ल ने बजट पर आगे कहा की छत्तीसगढ़ सरकार के बजट को 'ज्ञान-गति की दुर्गति' के बाद 'संकल्प' का नया जुमला करार दिया। उन्होंने कहा कि जनता जुमलों की पतंग काट देगी, रोजगार-शिक्षा-कृषि-महिला सुरक्षा पर खाली, कॉर्पोरेट फायदे वाला और काल्पनिक बताया।

**बजट में रोजगार के लिए कुछ नहीं : ध्रुव**- बिंद्रानवागढ़ विधायक जनक ध्रुव ने इसे जुमलों की पतंग बताया। श्री ध्रुव ने बजट को जनता को निराश करने वाला और जमीनी हकीकत से दूर बताया है। बजट में रोजगार, शिक्षा और कृषि उद्योग को बढ़ावा देने के लिए कुछ नहीं है। उन्होंने वित्त मंत्री पर केंद्रीय योजनाओं का श्रेय लेने का आरोप लगाया। विधायक जनक ध्रुव ने 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के बजट में नए रोजगार के अवसर न होने की बात कही। उन्होंने मुख्यमंत्री बस योजना के लिए मात्र 10 करोड़ रुपये के प्रावधान को सरकार की गंभीरता की कमी बताया।

**बजट दावों और सपनों का लॉलीपॉप : बेसरा**- छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा पेश किए गए वार्षिक बजट को कांग्रेस ने पूरी तरह से दिशाहीन और जनविरोधी करार दिया है। गरियाबंद कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे झूठ का पुलिंदा/"बताया। उन्होंने सरकार पर आरोप लगाया कि यह बजट केवल कागजी दावों और खोखले वादों तक सीमित है, जिसमें आम जनता के लिए धरातल पर कुछ भी नहीं है। सुखचंद बेसरा ने बजट की आलोचना करते हुए गरियाबंद जिले के सुपेबेड़ा क्षेत्र का विशेष उल्लेख किया उन्होंने कहा कि सरकार बड़े-बड़े आंकड़े पेश कर रही है, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि सुपेबेड़ा के किडनी मरीज आज भी उचित इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं।

**आने वाली पीढ़ियों को कर्ज के बोझ में दबा रही : हरमेश**- कांग्रेस नेता एवं पूर्व जनभागीदारी अध्यक्ष हरमेश चावड़ा ने सांय सरकार के आम बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा की सरकार ने अभी तक 28हजार करोड़ से अधिक का कर्ज दो सालों में ले लिया है। आने वाले पांच साल में छत्तीसगढ़ सिर से पैर तक कर्ज में डूबा होगा। अनुभवहीन सरकार और ज्ञानी वित्तमंत्री जी से भी व्यवस्था नहीं संभल रही है। भूपेश सरकार ने भी कर्ज माफ किया, किसानों को पैसा दिया फिर भी इतना अधिक कर्ज लेने की जरूरत नहीं पड़ी थी। बीजेपी सरकार छत्तीसगढ़की आने वाली पीढ़ियों को कर्ज के बोझ में दबा रही है।

**समावेशी बजट : अजय**- कोषाध्यक्ष भाजपा अजय रोहरा ने बजट को लेकर कहा की छत्तीसगढ़ का संकल्प बजट वित्त मंत्री ने छत्तीसगढ़ के माटी का चंदन लगा कर पेश किया और उन्होंने ये समावेशी बजट पेश किया है, जहां भौगोलिक दृष्टि से वनांचल के सुदूर क्षेत्र कहिए या मैदानी क्षेत्र कहिए या जनसंख्या के दृष्टि से देखिए या विभिन्न वर्गों को आप देखिए, सभी को, सभी के विकास के लिए और एक मजबूत नीव रखने के लिए है।

**संतुलित बजट : रिखी राम**- नगर पालिका अध्यक्ष रिखीराम यादव ने बजट को लेकर कहा की देखिए इस बजट की खास विशेषता यह है और छत्तीसगढ़ का यह बजट छत्तीसगढ़ के किसी एक क्षेत्र विकास को ध्यान में रखकर नहीं बनाया गया है। यह बजट पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश को सरगुजा से लेकर बस्तर तक और रायगढ़ से लेकर डोंगरगढ़ तक के लिए है। पूरे छत्तीसगढ़ क्षेत्र के विकास के जितने स्तंभ हैं, चाहे युवाओं के विकास की बात करें, चाहे छात्रों, चाहे शिक्षा की बात करें, चाहे स्वास्थ्य की बात करें, हर क्षेत्र को ध्यान में रखकर के बनाया गया संतुलित बजट है। इस बजट से छत्तीसगढ़ का व्यापक विकास तय है।

## आम आदमी को मिली सिर्फ निराशा, वादे रह गए अधूरे : यादव



**छुरा।** भाजपा के 'संकल्प' बजट 2026-27 में किसान, युवा, शिक्षा, स्वास्थ्य सभी क्षेत्र के लिए कुछ खास प्राथमिकता सरकार द्वारा नहीं दी गई है, यह कहना है आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष चमन यादव का। उन्होंने कहा कि प्रदेश के अनियमित कर्मचारियों के लिए कुछ प्रावधान नहीं रखा गया है। महिला सुरक्षा के लिए कुछ नहीं दिया गया। रसोइया संघ की मांगों को फिर अनदेखा किया गया। पिछले साल के बजट में पेट्रोल पर वैट कटौती करते हुए पेट्रोल की कीमत 1 रुपए प्रति लीटर कम किया था लेकिन इस साल आम लोगों को सिर्फ निराशा ही हाथ लगी है। पीएम आवास को ज्यादा ध्यान नहीं दिया गया है,जबकि पिछले साल पंचायत राज में 8,500 करोड़ रुपए का प्रावधान प्रधानमंत्री आवास के लिए किया गया था लेकिन आज भी लाखों लोगों को पीएम आवास नहीं मिल पाया है। जिलाध्यक्ष (यूथ) हरीश कुमार पटेल ने कहा कि बस्तर और सरगुजा को विकास के नाम पर सिर्फ झुनझुना पकड़ाया गया है। बजट 2026-27 में स्वास्थ्य क्षेत्र 5 नए मेडिकल कॉलेज खोलने,1500 करोड़ आयुष्मान और NHM के लिए 2000 करोड़ का प्रावधान सरकार ने रखा है जबकि राज्य में लचर स्वास्थ्य व्यवस्था है, पहले से ही मेडिकल कॉलजों में प्रोफेसर के पद खाली पड़े हुए, राज्य के सबसे बड़े अस्पताल मेकाहारा में मशीनें ख़राब हैं, कई जरूरी जांच नहीं हो रही है मरीजों को निजी अस्पतालों में जांच करवानी पड़ रही है। NHM कर्मचारियों की मांगों को अब तक सरकार ने पूरा नहीं किया है। जिलाध्यक्ष (किसान प्रकोष्ठ)ने कहा कि बजट में सबसे ज्यादा प्रदेश के किसानों की अनदेखी की गई है। राज्य के युवाओं के सशक्तिकरण के लिए सरकार ने 1,097 करोड़ की प्रभावी व्यवस्था की है लेकिन राज्य में युवाओं को रोजगार नहीं दिया जा रहा है। बीएड डीएड अभ्यर्थी 3 महीनों से अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर हैं लेकिन तानाशाही सरकार ने उन्हें जेल में डाल दिया है। कुल मिलाकर इस बजट से आम आदमी निराश हुआ है।

## बजट सर्वजन हिताय-सर्वजन्न सुखाय साबित होगा : चंदूलाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 24 फरवरी को छत्तीसगढ़ सरकार के लिए लगातार तीसरे वर्ष वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। बजट पर पूर्व सांसद एवं छग स्टेट वेयर हाउसिंग कॉरपोरेशन के अध्यक्ष चंदूलाल साहू ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया समावेशी बजट छत्तीसगढ़ियों के लिए पिछले 2 वर्ष की तरह सर्वजन हिताय-सर्वजन सुखाय साबित होगा। बजट में अन्नदाता किसानों के कृषक उन्नति योजना हेतु 10,000 करोड़, विद्युत पंपों के लिए बिजली सब्सिडी के लिए 5,500 करोड़, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 820 करोड़, दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण हेतु 600 करोड़ और गन्ना किसानों को बोनस के लिए 60 करोड़ रुपए साथ ही किसानों के लिए विद्युत पंपों पर बिजली बिल सब्सिडी के लिए 5,500 करोड़ रुपए का प्रावधान दशार्ता है कि साय सरकार अन्नदाताओं के कल्याण के लिए किस हद तक चिंतित है। इसी तरह विकसित भारत जी-राम-जी योजना के लिए 4,000 करोड़ रुपए का प्रावधान ग्रामीण श्रमिकों के आर्थिक विकास के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को दशार्ता है । प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए 1,700 करोड़, युवाओं के लिए 1.097 करोड़, आवासहीन ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने हेतु 4,000 करोड़, गरीब-जरूरतमंदों को खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु 6,500 करोड़, शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए शुरू की जाने वाली स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए 100 करोड़, शासकीय कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा हेतु 100 करोड़, महिलाओं (मातृशक्तियों) के नाम पर भूमि, भवन, अचल संपत्ति क्रय पर भारित पंजीयन शुल्क पर 50% की छूट की घोषणा आदि प्रावधान दशार्ते हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़/" के साथ ही महान छत्तीसगढ़ की संकल्पना के अनुरूप इस बजट को तैयार किया गया है।

## बजट प्रदेश को बनाएगा आत्मनिर्भर : शिवांगी



**पाण्डुका।** आज छत्तीसगढ़ विधानसभा में माननीय वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी जी द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट राज्य के समग्र संतुलित एवं समावेशी विकास का सशक्त दस्तावेज है। माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह /"संकल्प/" बजट छत्तीसगढ़ को विकास की नई ऊँचाईयों पर ले जाने का रोड मैप हैं। यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी शासन और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रदेश सुशासन, किसान कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा रोजगार और बुनियादी विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह बजट प्रदेश की समृद्धि और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ की दिशा तय करेगा। 1.72 लाख करोड़ के इस ऐतिहासिक बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओ, विद्यार्थियों एवं आदिवासी अंचलो के सर्वांगीण उत्थान का विशेष ध्यान रखा गया है। क़ृषि क्षेत्र के लिए 10,000 करोड़ का प्रावधान, सिचाई और अधोसंरचना के विस्तार की योजना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास राज्य के अन्नदाताओ के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाति हैं।

# स्कूल के सामने बिना सुरक्षा घेरे में ट्रांसफार्मर, दुर्घटना का अंदेशा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



तहसील मुख्यालय मैनपुर से 05 किलोमीटर दुर ग्राम बरदुला शासकीय प्राथमिक शाला के सामने बिजली का ट्रांसफार्मर लगा हुआ है और यह स्कूल में आहता निर्माण नहीं किया गया है, आसपास छुट्टी के समय बच्चे खेलकूद करते रहते है जिससे बिजली के ट्रांसफार्मर होने के कारण दुर्घटना की अंदेशा बनी रहती है, ग्रामीणों ने स्कूल में आहता निर्माण के साथ ट्रांसफार्मर स्थल को चारो तरफ से घेरा करने की मांग किया है।

# राजिम के पवन सोनकर बने जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम



राजिम नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष और राजिम के उर्जावान युवा नेता पवन सोनकर को प्रदेश कांग्रेस नेतृत्व ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपते हुए जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष नियुक्त किया है। इस नियुक्ति को संगठन में सक्रियता और जमीनी पकड़ रखने वाले नेतृत्व को आगे बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। पवन सोनकर लंबे समय से क्षेत्रीय राजनीति में सक्रिय रहे हैं। नगर पंचायत अध्यक्ष के रूप में उनके कार्यकाल को संगठन विस्तार, जनसंपर्क और सामाजिक सहभागिता के लिए याद किया जाता है। जिला कांग्रेस में उनकी नियुक्ति से कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह का माहौल है और इसे आगामी राजनीतिक गतिविधियों की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्रदेश स्तर पर इस निर्णय को संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने की पहल के रूप में देखा जा रहा है। कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व ने उन पर भरोसा जताते हुए जिले में पार्टी गतिविधियों को गति देने और जनसमस्याओं को मजबूती से उठाने की अपेक्षा व्यक्त की है। उर्जावान नवनियुक्त जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष पवन सोनकर ने कहा कि मैं प्रदेश नेतृत्व का आभारी हूं कि उन्होंने मुझ जैसे कार्यकर्ता पर विश्वास जताया। यह जिम्मेदारी मेरे लिए सम्मान के साथ-साथ बड़ी जवाबदारी भी है। मैं संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का प्रयास करूंगा। सभी वरिष्ठ नेताओं और कार्यकर्ताओं के मार्गदर्शन से कांग्रेस को नई ऊर्जा मिलेगी। अपने नियुक्ति पर श्री सोनकर ने प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल , पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुखचंद बेसरा के प्रति आभार जताते हुए विश्वास व्यक्त किया कि उनके अनुभव और कार्यशैली से जिले में कांग्रेस को नई मजबूती मिलेगी तथा संगठनात्मक गतिविधियों को नई दिशा प्राप्त होगी। बता दें कि समूचे राजिम विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए इसे क्षेत्र के लिए गौरव का विषय बताया है उन्हें जिला कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष भावसिंह साहू, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सुनील तिवारी, पूर्व मंडी अध्यक्ष रामकुमार गोस्वामी, पूर्व जनपद अध्यक्ष पुष्पा साहू, प्रकाश चंद साहू, देवराम वर्मा, डीके ठाकुर, हरिशंकर श्रीवास्तव, चंद्रमणि चंद्राकर, अनिल चंद्राकर, कमल यादव, ओमप्रकाश बंछोर, रामकृष्ण तिवारी, शरद चतुर्वेदी, धनेश्वरी वर्मा ने बधाई दी है।

### 25 लाख रुपए की लागत से बनने वाले सेन समाज के सामुदायिक भवन का भूमिपूजन

# सेवा और समर्पण का प्रतीक है सेन समाज : रोहित साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज महासभा के बनने वाले सामुदायिक भवन का भूमिपूजन किया। लगभग 25 लाख रुपए की लागत से यह भवन तैयार होगा। भूमिपूजन समारोह के दौरान समाज के पदाधिकारियों और नागरिकों ने विधायक का गर्मजोशी भव्य स्वागत किया। मुख्य अतिथि की आसंदी से कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक रोहित साहू ने सेन समाज की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि सेन समाज सदैव से अपनी सेवा भावना और कौशल के लिए जाना जाता है। समाज की असली ताकत उसका संवाद और संप्रेषण है। यह बनने वाला नया भवन आपसी मेलजोल, चर्चा और सामाजिक निर्णयों का एक सशक्त केंद्र बनेगा। विधायक ने आगे कहा कि आज के आधुनिक दौर में किसी भी समाज के उत्थान के लिए संगठित होना और एक साझा मंच का होना अनिवार्य है, जहाँ युवा पीढ़ी को संस्कारों और संस्कृति से जोड़ा जा सके। भवन जब बनकर तैयार होगा तब सामाजिक बैठकों, मांगलिक कार्यक्रमों और अन्य चर्चाओ के लिए एक सर्वसुविधायुक्त मंच प्राप्त होगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि राजिम क्षेत्र के सर्वांगीण विकास और सामाजिक संस्थाओं की बेहतरी के लिए वे सदैव तत्पर रहेंगे। उन्होंने सामाजिक एकता को समझनी उन्नति का आधार बताया और कहा कि सामाजिक गतिविधियों में समाज के प्रत्येक युवाओं और मातृशक्तियों की भागीदारी सुनिश्चित होनी चाहिए ताकि वे भी समाज की रीति नीति को करीब से समझ सकें और आने वाली पीढ़ी के लिए अपना योगदान दे सकें। इस दौरान ड्योढ़ीपार देशहा सेन समाज के प्रमुखों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, नगरीय प्रशासन मंत्री अरुण साव और विधायक रोहित साहू का आभार व्यक्त किया।

### शिक्षा के माध्यम से समाज का नाम रोशन करें



उक्त कार्यक्रम को नगर पंचायत अध्यक्ष महेश यादव ने कहा कि नगर के समग्र विकास में हर समाज की भागीदारी सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिकता है। उन्होंने समाज के युवाओं से अपील की कि वे शिक्षा के माध्यम से समाज का नाम रोशन करें और शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं। समाज की उन्नति और एकता के लिए सब मिलकर सामूहिक प्रयास से समाज विकास को प्राथमिकता दें। इस अवसर पर सेन समाज के प्रदेशाध्यक्ष हीराधर सेन, प्रदेश उपाध्यक्ष दिनेश सेन, महासचिव शत्रुघ्न श्रीवास, कोषाध्यक्ष माखन सेन,नगर पंचायत उपाध्यक्ष पूर्णिमा चंद्राकर, भाजपा जिला महामंत्री चंद्रशेखर साहू, चंद्रप्रकाश सेन अध्यक्ष राजिम सेन समाज महासभा, रिकेश साहू भाजपा मंडल अध्यक्ष, रेखा कुलेश्वर साहू पार्षद राजिम, पार्षद आकाश राजपूत, कुलेश्वर साहू पार्षद, भाजपा नेता राजू साहू, भूपेंद्र कुमार सेन प्रदेशाध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ, शैल सेन प्रदेशाध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ सहित भारी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता और क्षेत्रीय पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### जंगल को आग से बचाने कला जत्था से ग्रामीणों को किया जा रहा जागरूक



**मैनपुर।** गरियाबंद वन मंडल एंव उदंती सीतानदी टाईगर रिजर्व घने वनों से अच्छादित है, दोनों ही वन मंडल में बड़े पैमाने पर वन औषधीय के साथ-साथ वन्य जीव की भरमार है, जिसकी वजह से प्रदेश में एक अलग पहचान रखता है लेकिन हर साल गर्मी का सीजन आते ही जंगल धूंधू कर जलने लगता है जिससे वन्य प्राणियों के साथ-साथ वन औषधि भी नष्ट होते हैं। जंगल को आग से बचाने के लिए इस बार वन विभाग की टीम ने गांव गांव में पहुंचकर वॉल पेंट का सहारा लिया है। तो वही कला जत्था, सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है ताकि ग्रामीणों के माध्यम से वन विभाग को जोड़कर जंगल को बचाने का बीड़ा उठाया जा सके।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेज़र मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

**खबर संक्षेप**

## रोजगार गारंटी योजना में श्रमिकों का अधिकार छीना जा रहा : शुक्ल

**राजिम।** पूर्व मंत्री अमितेश शुक्ल ने कहा कि 7 सितम्बर 2005 को इस योजना का मूल कानून अधिनियम पारित किया गया था कि ग्रामीण क्षेत्रों में में प्रत्येक परिवार के सदस्यों को शारीरिक श्रम करने को तैयार हो, प्रति वित्तीय वर्ष में कम से कम 100 दिनों के गारंटीकृत मजदूरी रोजगार की गारंटी देना यह एक सामाजिक सुरक्षा था जो ग्रामीण श्रमिकों की आजीविका



सुरक्षा और सशक्तिकरण पर केंद्रित था। कहा कि केंद्र सरकार ग्रामीणों से उनके काम करने का अधिकार छीन रहा है। बदले में 125 दिनो की काम देने का ढिंढोरा पीट रहा है जिसमें किसी भी प्रकार की गांरटी नहीं है, तथा काम केवल ये सरकार द्वारा चुने हुए गांव को ही मिलेगा। श्री शुक्ल ने कहा कि श्रमिकों को उनके सुविधा अनुसार पूरे साल भर काम पाने का अधिकार था। न्यूनतम मजदूरी की गारंटी थी। अब श्रमिको का यह अधिकार छीना जा रहा है, न उसे उनके अनुसार काम मिलेगा न हो न्यूनतम मजदूरी की गारंटी है। कहा कि ग्राम पंचायत को इस योजना से दरकिनार किया जा रहा है। श्री शुक्ल ने पंचायती राज अधिनियम में ग्राम पंचायत के चुने हुए प्रतिनिधिगण ग्राम विकास का अहत्वपूर्ण अंग है। श्री शुक्ल ने कहा कि मनरेगा योजना लोगों में आशा व विश्वास जगाता था तथा काम के प्रति आत्म-निर्भर थे जो उनके जीवन में रसा-बसा व पेट भरता था। ऐसे योजना का संचालन केन्द्र सरकार 90/% तक राशि सीधे ग्राम पंचायतों को मिला था उसे कटौती कर अब 60% कर दिया गया है। 40%. राशि राज्य सरकार को देने की बात कही गई है, जिसकी कोई गारंटी नही है। इस प्रकार योजना को धीरे धीरे क्षीण कर पूरी तरह से खत्म करने की जुगत मे लगा हुआ है। जो ग्रामीण भारत वा आम जन जीवन के विकास में सबसे बड़ा बाधक है।

## बजट प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम

**राजिम।** नगर पंचायत राजिम के सभापति आकाश सिंह राजपूत ने कहा कि विष्णुदेव साय सरकार द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ संकल्प



बजट, प्रदेश के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी शासन एवं जनकल्याण के संकल्प को सशक्त बनाने वाला जनहितैषी एवं दूरदर्शी बजट है। यह बजट किसानों की समृद्धि, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा प्रदेश में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे प्रदेश के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा और विकास को नई गति प्राप्त होगी। विष्णुदेव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह संकल्प बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। यह बजट निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला रखेगा तथा प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

**बजट : सर्वहारा वर्ग के विकास का बजट, युवाओं, किसानों और गरीबों के हित में ऐतिहासिक निर्णय**

# 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट प्रदेश के भविष्य का रोडमैप है : रोहित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजिम

राजिम विधानसभा क्षेत्र के विधायक रोहित साहू ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये के वार्षिक बजट की सराहना करते हुए इसे सर्वहारा वर्ग के विकास का बजट बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटियों को पूरा करने वाला और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन का जीवंत प्रमाण है। विधायक रोहित साहू ने बजट की बारीकियों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि इसमें समाज के हर तबके का ध्यान रखा गया है। यह बजट हमारे गरियाबंद जिले के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण और लाभकारी है जिसमें अनेक विकास कार्यों के लिए बजटीय प्रावधान किया गया है। युवाओं के लिए कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों को प्राथमिकता दी गई है। बजट में कृषि क्षेत्र के आधुनिकीकरण और निर्धन वर्ग के लिए आवास व कल्याणकारी योजनाओं के लिए पर्याप्त धनराशि आवंटित की गई है। वीबी जी राम जी के तहत 125 दिवस रोजगार सृजन के लिए 4000 करोड़ रुपए, तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए भी 4000 करोड़ रुपए का प्रावधान बजट में किया गया है। रायपुर में उच्चस्तरीय परीक्षा केंद्र के लिए 25 करोड़, 25 नवीन महाविद्यालयों के लिए 25 करोड़ रुपए प्रावधान किया गया है।

**प्रदेश के 3 करोड़ जनता को होगा प्रत्यक्ष लाभ-** विधायक श्री साहू ने चर्चा के दौरान कहा यह छत्तीसगढ़ के भविष्य का रोडमैप है। छत्तीसगढ़ का बजट राज्य बनने के बाद से अब तक 35 गुना बढ़ गया है जिसका प्रत्यक्ष लाभ छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता को होगा। 1.72 लाख करोड़ का यह प्रावधान प्रदेश को विकसित राज्यों की श्रेणी में खड़ा करेगा। विधायक रोहित साहू ने इस जनहितैषी बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय और वित्त मंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया है। राजिम विधायक रोहित साहू ने इसे ऐतिहासिक बताते हुए बताते हुए युवाओं, किसानों और गरीबों के हित में एक ऐतिहासिक कदम बताया है। इस बजट को संकल्प थीम के साथ पेश किया गया है, जिसका लक्ष्य छत्तीसगढ़ को 2047 तक विकसित छत्तीसगढ़ बनाना है। राज्य की जीडीपी वृद्धि दर 12.4% रहने का अनुमान है।

### किसानों को संबल देने वाला बजट



सिंचाई परियोजना, पर्यटन विकास और अधोसंरचना विकास के लिए भी करोड़ों का प्रावधान किया गया है। विधायक रोहित साहू ने कहा कि सच्चे अर्थों में कहें तो यह बजट छत्तीसगढ़ की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह युवाओं को पंख, महिलाओं को आत्मनिर्भर और किसानों को संबल देने वाला बजट है जिससे समूचे प्रदेश में विकास की नई गति देखने को मिलेगी। यह बजट संकल्प के थीम पर प्रस्तुत की गई है और हमने बनाया है हम ही संवारेंगे के संकल्प को सार्थक स्वरूप सुनिश्चित करने वाली है।

## बजट प्रदेश के विकास का आधार : रिकेश

**राजिम।** छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 -27 का बजट, जिसकी थीम संकल्प है, प्रदेश के सर्वांगीण विकास के प्रति सरकार की मजबूत प्रतिबद्धता को दशार्ता है। यह विचार भारतीय जनता पार्टी के राजिम मंडल अध्यक्ष रिकेश साहू ने व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि संकल्प केवल एक थीम नहीं, बल्कि विकसित, आत्मनिर्भर और समृद्ध छत्तीसगढ़ के निर्माण का स्पष्ट संकल्प है। यह बजट किसानों की आय वृद्धि, युवाओं को रोजगार के अवसर, महिलाओं के सशक्तिकरण तथा बुनियादी सुविधाओं के विस्तार को ध्यान में



रखकर तैयार किया गया है। श्री साहू ने कहा कि बजट में कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, अधोसंरचना, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं, जिससे गांव, गरीब और किसान को सीधा लाभ मिलेगा। यह बजट प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान करेगा और विकास की नई दिशा तय करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संकल्प थीम पर आधारित यह बजट जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरेगा और छत्तीसगढ़ को प्रगति के नए आयामों तक पहुंचाएगा इस सराहनीय और जनकल्याण बजट के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार जताया है।

## विकसित छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने वाला बजट : देवांगन

**नवापारा-राजिम।** छत्तीसगढ़ सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा मंगलवार को विधानसभा में प्रस्तुत किए गए वार्षिक बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश मंत्री किशोर देवांगन ने कहा कि जिन लोगों में अपने देश और राज्य को शीर्ष पर पहुंचाने की ईमानदार भावना होती है, वे लोग ही बेहतर शासक बन सकते हैं। पिछले 12 साल से देश में मोदी सरकार , तो पिछले 3 वर्षों से छत्तीसगढ़ में साय सरकार ने अपने काम से दर्शाया है कि लोगों के हित, उनके उत्थान और उनके कल्याण के लिए किस ईमानदारी और पारदर्शिता से कार्य किया जा सकता है। मुख्यमंत्री साय के नेतृत्व में उनका प्रत्येक मंत्रिमंडल सदस्य अपने-अपने हिस्से का बेहतर कार्य करता आ रहा है, जिसके चलते छत्तीसगढ़ आज देश के सबसे तेजी से बढ़ते राज्यों में शामिल हो चुका है। देवांगन ने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी साय मंत्रिमंडल के एक ऐसे हीरे हैं, जिनकी चमक उनके कार्यों और उनके द्वारा प्रस्तुत बजट से दिखाई देती है। पिछले 2 वर्षों के बजट बेहतर से बेहतरीन थे तो मंगलवार को प्रस्तुत तीसरा बजट अकल्पनीय है। बजट में छत्तीसगढ़ और छत्तीसगढ़ियों के विकास व कल्याण के लिए आय और व्यय का ऐसा संतुलित ताना-बाना बुना गया है कि बड़े से बड़ा अर्थशास्त्री भी चकित रह जाय। निश्चित तौर पर यह बजट जनकल्याणकारी होने के साथ ही



विकसित भारत के साथ-साथ विकसित छत्तीसगढ़ की अवधारणा को मजबूत बनाने वाला है । गांव, गरीब, किसान, महिला, युवा, शिक्षा, तकनीकी शिक्षा, सड़क, स्वास्थ्य, पर्यावरण, जल, उद्योग सभी क्षेत्र के लिए बेहतर प्रावधान बजट में किए गए हैं। बस्तर और सरगुजा जैसे अपेक्षाकृत पिछड़े संभागों के विकास के लिए भारी-भरकम प्रावधान किया जाना साय सरकार की पूर्व से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक विकसित छत्तीसगढ़ के प्रयास को दर्शाता है। देवांगन ने कहा कि यह बजट दर्शाता है कि छोटा राज्य होने के बावजूद छत्तीसगढ़ और यहां के लोग न केवल बड़े सपने देख सकते हैं बल्कि उन्हें पूरा भी कर सकते हैं । बजट में वे प्रावधान हैं, जिससे छत्तीसगढ़ को ऐसी स्थिति में पहुंचाया जा सके, जिससे भविष्य में अन्य राज्यों के युवा सभी प्रकार के अध्ययन के लिए दूसरे बड़े राज्यों या विदेश जाने की जगह छत्तीसगढ़ का रुख करें। उद्यमी छत्तीसगढ़ में निवेश करें, बड़ी-बड़ी इंडस्ट्रीज लगाएं, जिससे यहां के लोगों को रोजगार मिले।

## बजट छग के उज्जवल भविष्य की मजबूत आधारशिला : सोनकर

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा रसायन बीज उर्वरक के सदस्य जितेंद्र सोनकर ने कहा कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट के माध्यम से गरीब, मजदूर,महिला, छात्र-छात्राओं, शिक्षित बेरोजगार, किसान, व्यापारी और सभी छोटे वर्ग के लोगों को ध्यान देते हुए इस बजट को सराहनीय कहा। श्री सोनकर ने विष्णुदेव सरकार के कार्यकाल को सुशासन का बजट बताया है। उन्होंने आगे कहा कि इससे हर वर्ग खुश है और हमारे देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2047 के विकसित भारत का जो सपना देखा है वह निश्चित रूप से बजट के माध्यम से पूरा होगा। छत्तीसगढ़ में विकास का बयार बहेगा। आज सरकार द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ संकल्प बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी शासन एवं जनकल्याण के संकल्प को सशक्त बनाने वाला जनहितैषी एवं दूरदर्शी बजट है। यह बजट



किसानों की समृद्धि, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा प्रदेश में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे प्रदेश के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा और विकास को नई गति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह संकल्प बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला रखेगा तथा प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

# बजट को भाजपा ने बताया उन्नति का संकल्प, कांग्रेस ने कहा सपनों का लॉलीपॉप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर



प्रदेश के भाजपा सरकार के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने आज वर्तमान सरकार का तीसरा बजट प्रस्तुत किया, पहला बजट ज्ञान,दुसरा गति, तीसरा बजट संकल्प पर आधारित रहा, इस वर्श 172000 करोड रूपये का बजट प्रस्तुत किया है जो गत वर्श 165000 करोड रूपये से 4.2 अधिक है, इसमें राज्यांश 77000 करोड और केद्रंन 66000 करोड रूपये होगा। छत्तीसगढ विष्णुदेव सरकार के द्वारा 2026 का बजट पेश किया गया इस बजट को लेकर भाजपा और कांग्रेस ने अपनी–अपनी प्रतिक्रिया दी है, भाजपा ने प्रदेश सरकार के बजट को उन्नति की नई दिशा तय करने वाला बजट बताया तो कांग्रेस ने इस बजट को निराशजनक कहा है। बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के पूर्व भाजपा विधायक डमरूधर पुजारी ने इस बजट का स्वागत करते हुए कहा कि विष्णुदेव सरकार के नेतृत्व में प्रस्तुत यह संकल्प बजट छत्तीसगढ को विकास की नई उंचाईयों पर ले जाने का रोड़ मैप है यह बजट प्रदेश के स्र्वांगीण विकास पारदर्शी शासन और जनकल्याण के संकल्प को और अधिक सशक्त बनाने की दिशा मे एक महत्वपूर्ण कदम है, मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सुशासन किसान कल्याण, महिला सशिक्तकरण, युवा रोजगार, और बुनियादी विकास के नये आयाम स्थापित कर रहा है।

जिला पंचायत गरियाबंद के अध्यक्ष गौरीशंकर क"यप ने कहा कि यह बजट प्रदेश की समृध्दि और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ की दिशा तय करेगा, 1.72 लाख करोड के इस ऐतिहासिक बजट में किसानों युवाओं, महिलाओं, विद्यार्थियों एंव आदिवासी अंचल के स्र्वागीण विकास, उत्थान का वि"ाश ध्यान रखा गया है, कृशि के क्षेत्र सिंचाई और अधोसंरचना के विस्तार की योजना तथा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के प्रयास राज्य के अन्नदाताओं के प्रति सरकार की प्रतिब्ध्दता को दर्शाती है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरिता ठाकुर ने कहा कि इस बजट में महिलाओं के सशिक्तकरण के लिए रानी दुर्गावती योजना जैसी पहल तथा मातृ शक्ति के सम्मान के लिए विशेष प्रावधान समाज मे सकरात्मक परिवर्तन का मार्ग प्रशस्त करेगा शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में नये मेडिकल कालेजों की स्थापना एंव एजुकेशन सिटी की परिकल्पना राज्य के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण अवसर प्रदान करेगी यह बजट केवल आंकड़ो का संकल्प नही बल्कि अंत्योदय से आत्मनिर्भता तक की यात्र का स्पष्ट विजन है।

**सभी वर्गों के शक्तिकरण को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी-** भाजपा मंडल मैनपुर अध्यक्ष संतोश यादव ने कहा कि हर वर्ग का इसमें ख्याल रखा गया है, आने वाले कल छत्तीसगढ देश के अग्रणी राज्यों में रहेगा। भाजपा महामंत्री दिनेश सचदेव ने कहा कि किसानों, गरीबों, युवाओं, मातृ शक्ति और सभी वर्गो के शक्तिकरण को सरकार ने सर्वोच्च प्राथमिकता दी हैं। भाजपा मिडिया प्रभारी रूपेश साहू ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि पर्यटन को बढावा देने के साथ आयुष्मान योजना के 1500 करोड रूपये छत्तीसगढ मे 75 करोड की राशि से 250 महतारी सदन बनेंगे, 25 कालेज भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड रूपये, प्रधानमंत्री आवास के लिए 800 करोड का प्रावधान रखा गया है यह बजट प्रदेश के विकास के लिए मिल का पत्थर शामिल होगा। भाजपा के पूर्व जिला उपाध्यक्ष पंडित योगेश शर्मा ने कहा कि नक्सल मुक्त छत्तीसगढ के साथ छत्तीसगढ के विकास के लिए भाजपा सरकार द्वारा जो किया जा रहा है वह अपने आप में एक मिशाल है, उन्होने प्रदेश के बजट को प्रदेश के समग्र के विकास की दिशा मे महत्वपूर्ण कदम बताते हुए इसके लिए बधाई दिया है। भाजपा के युवा नेता एंव मैनपुरकला के उपसरपंच सुधीर ठाकुर ने कहा कि राज्य सरकार का यह बजट समावेशी विकास, सुशासन और जनकल्याण के संकल्प को आगे बढाने वाला होगा, उन्होने ने कहा कि यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के साथ-साथ आम जन के जीवन स्तर में सकरात्मक परिवर्तन लाने मे महत्वपूर्ण भूमिका निभायेगा।

**समाधान के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं-**कांग्रेस जिलाध्यक्ष सुखचंद बेसरा ने छग सरकार के बजट को बताया दावों और सपनों का लॉलीपॉप बताया उन्होने कहा कि सरकार बड़े-बड़े आंकड़े पेश कर रही है, लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि सुपेबेड़ा के किडनी मरीज आज भी उचित इलाज के अभाव में दम तोड़ रहे हैं। काल के गाल में समाते इन ग्रामीणों की सुध लेने वाला कोई नहीं है। बजट में इस गंभीर स्वास्थ्य संकट के समाधान के लिए कोई ठोस कार्ययोजना नहीं दिखती। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मैनपुर रामकृष्ण ध्रुव ने अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आम आदमी के लिए बजट में कुछ भी नही है, किसान, मजदुर, युवाओं की मूल समस्याओं पर प्रर्याप्त ध्यान नहीं दिया गया है, श्री ध्रुव के अनुसार बजट में आम जनता को राहत देने के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है श्री ध्रुव ने कहा कि यह बजट सिर्फ सपना दिखाने वाला बजट है।

### बजट पूरी तरह निराशा जनक : ध्रुव



बिन्द्रानवागढ विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस विधायक जनक ध्रुव ने कहा कि यह बजट पुरी तरह निराशाजनक है, विष्णुदेव साय सरकार द्वारा पिछले बजट के वायदे को अब तक पुरा नहीं किया गया है, इस बजट में प्रदेश के जनता को कुछ नहीं मिला। सिर्फ छलने का कार्य किया गया है, श्री ध्रुव ने कहा कि यह बजट काल्पनिक है धरातल पर बिल्कुल शुन्य है। विधायक ध्रुव ने कहा कि ज्ञान गति की असफलता के बाद संकल्प का नया जुमला है जमीनी हकीकत से कोसो दूर है, भाजपा के विधानसभा चुनाव वायदे 5 साल में एक लाख युवाओं की नौकरी देने पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया।

## दूरदर्शिता और संकल्प का बजट, छत्तीसगढ़ के विकास को देगा नई दिशा : चंद्रशेखर

**राजिम।** भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री व पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के बजट को छत्तीसगढ़ के इतिहास का दूरदर्शी, निर्णायक और स्वागत योग्य बजट बताया है। श्री साहू ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य को दिशा देने वाला संकल्प-पत्र है। उन्होंने कहा पिछले वर्ष बजट ज्ञान से गति थीम पर था, जबकि इस वर्ष बजट संकल्प थीम पर है। यह साफ संकेत है कि भाजपा सरकार ने पहले दिशा तय की और अब उसी दिशा में तेजी से फैसले लेकर उन्हें जमीन पर उतारने जा रही है। उन्होंने बताया कि इस बजट में किसानों के लिए कृषि व सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती, महिलाओं के स्वावलंबन और आदिवासी अंचलों में शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार जैसे ठोस प्रावधान किए गए हैं। सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर निवेश से गांव-गांव तक विकास पहुंचेगा। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आधारित योजना की घोषणा को श्री साहू ने ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को आधुनिक



तकनीक का प्रशिक्षण मिलेगा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे। श्री साहू ने नशे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए कहा कि प्रत्येक जिले में नशा मुक्ति केंद्र खोलने का निर्णय सामाजिक जिम्मेदारी का मजबूत उदाहरण है, जिससे युवाओं को नशे की लत से बाहर निकालने में मदद मिलेगी और परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में अस्पतालों के उन्नयन, नए मेडिकल कॉलेज और स्कूल-कॉलेज के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने के प्रावधान प्रदेश की मानव संसाधन क्षमता को बढ़ाएंगे। औद्योगिक पार्कों और निवेश प्रोत्साहन से राज्य में रोजगार के नए द्वार खुलेंगे।उन्होंने कहा, ह्यह बजट जवाबदेही के साथ लागू होगा और हर घोषणा का असर जमीन पर दिखेगा। छत्तीसगढ़ अब ठहराव नहीं, तेज विकास के रास्ते पर है। कहा कि भाजपा सरकार जनता से किए गए हर वादे को पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है और यह बजट विकास, विश्वास और सुशासन की मजबूत नींव रखेगा।

# आईटीबीपी में चयनित जानकी का हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

ग्राम खरखरा की बेटी जानकी हरपाल ने देश सेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। इंडो-तिब्बतन बॉर्डर पुलिस फोर्स में चयनित महिला जवान जानकी हरपाल ने अपनी ट्रेनिंग पूर्ण करने के उपरांत प्रथम बार अपने गृह क्षेत्र छुरा एवं ग्राम खरखरा पहुंचने पर भव्य स्वागत प्राप्त किया। जानकारी के अनुसार, छुरा आगमन पर सर्वप्रथम छुरा थाना में थाना स्टाफ द्वारा फूल-मालाओं से उनका आत्मीय स्वागत किया गया। इस अवसर पर पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। उनकी उपलब्धि को क्षेत्र के लिए गर्व का विषय बताया गया। थाना स्वागत के पश्चात जानकी हरपाल अपने गृह ग्राम खरखरा पहुंचीं, जहां ग्रामवासियों ने आतिशबाजी और जोरदार स्वागत के साथ उनका अभिनंदन किया। इस अवसर पर विशेष कार्यक्रम उस शासकीय विद्यालय परिसर में आयोजित किया गया, जहां से उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की थी। कार्यक्रम के दौरान जानकी हरपाल भावुक हो उठीं। उन्होंने कहा कि इसी विद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर आज देश सेवा का अवसर मिला है और अपने ही गांव व स्कूल में सम्मान पाकर उन्हें अत्यंत गर्व महसूस हो रहा है। उल्लेखनीय है कि जानकी हरपाल की बहन यशोदा हरपाल भी नगर सेना के पद पर पदस्थ हैं। एक ही परिवार की दो बेटियों का सुरक्षा बलों में सेवाएं देना क्षेत्र की बेटियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बन गया है। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से मुंगेश्वरी अशोक ठाकुर जनपद सदस्य, परदेशी हरपाल,प्रेम हरपाल, उत्तम हरपाल, मनोज पटेल कलाकार, डिगेश्वर सेन, लोकेश वैष्णव, थानेश्वर तिवारी, छोटन साहू, लोकेश सोनवानी, खिलावन साहू, परमेश्वर साहू, मदन निषाद, फलेंद्र साहू, तुलस निषाद साथ ही शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। सभी ने जानकी हरपाल को उनकी सफलता पर बधाई देते हुए देश सेवा के मार्ग पर निरंतर आगे बढ़ने की शुभकामनाएं दीं।



